हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 20.1 डिग्री

11 समाजसेवी ने सरकारी स्कूल के चार कमरों का करवाया ..



12 सुनारिया कलां में पांच अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त



## खबर संक्षेप

### मदवि: सेमेस्टर रेगुलर परीक्षाएं 11 जून से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीसीए चार वर्षीय प्रोग्राम एनईपी चौथे सेमेस्टर रेगुलर की परीक्षाएं 11 जून से, बीटीटीएम चार वर्षीय प्रोग्राम एनईपी चौथे सेमेस्टर रेगुलर की परीक्षाएं 11 जून से तथा एमलिब दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर एनईपी स्कीम की परीक्षाएं 12 जून से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### मदवि: प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13-19 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीटेक, बीआर्क दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 जून से 19 जून तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### विभिन्न समेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बीए अंग्रेजी चार वर्षीय-प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, बीएससी-लाइफ साइंसेज प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, बीएससी-फिजिकल साइंसेज प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमए-इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, संस्कृत डीडीई के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा एमए-संस्कृत डीडीई के चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### नशीले पदार्थ सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एएनसी स्टाफ प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दीनबंधु सर छोटूराम गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक सांपला जिला रोहतक में सोनीपत से झज्जर रोड के फ्लाईओवर के नीचे गश्त में मौजूद थी। इस दौरान चौधरी ग्रीन ढाबा के पास सोनीपत से झज्जर हाईवे सड़क किनारे खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान फूलचंद निवासी गांव भट्टों का बामनिया जिला चित्तौड़ गढ़ राजस्थान के रूप में हुई। युवक के पास से 1 किलो 378 ग्राम अफीम बरामद हुई है। युवक के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### मौसम ने ली करवट शहर में हुई बूंदाबांदी

**रोहतक।** बूंदाबांदी से मौसम में करवट ली। इस दौरान लोगों ने गर्मी से भी राहत ली। दिन भर जहां लोग तेज धूप से जलते रहे वहीं शाम को मौसम बदलने से काफी रात महसूस हुई। पिछले एक सप्ताह से रोजाना शाम को मौसम बदल रहा है। इसकी वजह से रात को बूंदाबांदी हुई और गर्मी से कुछ देर के लिए राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों को का मानना है कि आने वाले कुछ दिन तक मौसम इसी हिसाब से चलता रहेगा और गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

### खेतों की कब्जा कार्रवाई के लिए चक्कर काट रहे ग्रामीण

**महम।** निंदाना गांव में चकबंदी कार्य को पूरा हुए कई साल बीत चुके हैं। लेकिन सभी भू स्वामियों को उनकी जमीनों के कब्जे नहीं दिए गए हैं। हर साल ही फसल बिजाई से पहले लोगों को आस बंधती है, कि प्रशासन इस बार उनको उनकी जमीनों का कब्जा दिलाएगा। प्रशासन इसका प्रयास भी करता है। लेकिन थोड़ी बहुत कब्जा कार्रवाई होती है और बहुत से किसानों कब्जा कार्रवाई से वंचित रह जाते हैं। इस बार भी किसानों को उम्मीद थी कि धान की फसल की बिजाई अथवा रोपाइ से पहले उनको जमीन का कब्जा मिल जाएगा। प्रशासन द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

## एक साल बाद भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को नहीं मिला नौकरी सुरक्षा का गारंटी पत्र

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय: एचकेआरएन कर्मियों को मिला अप्रैल का वेतन, मई का कब मिलेगा, जून के भी बीते 5 दिन

### विवि के अफसर कहते हैं कि हमारी वजह से पगार में देरी नहीं हुई

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू)में हरियाणा कौशल रोजगार निगम(एचकेआरएन) की नौकरी कर रहे 1054 कर्मचारियों को अप्रैल का वेतन लगभग सवा महीने की देरी आज वीरवार 5 जून को दिया गया है। ऐसे में मई की सैलरी कब मिलेगी, इसको लेकर फिलहाल तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। ये पहली बार हुआ कि एचकेआरएन के आधीन करने के बाद इतनी देरी से तनख्वाह दी गई हो। यूनिवर्सिटी के अफसर कहते हैं कि हमारे वजह से पगार में देरी में नहीं हुई। बल्कि सरकार स्तर पर ये सब हुआ है। मालूम हो कि करीब चार साल पहले सरकार ने सभी विभागों में ठेका प्रथा बंद करके केंद्रितकृत हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन किया था। सरकार के किसी भी विभाग में अस्थाई कर्मचारी भर्ती करने का जिम्मा निगम को दिया गया। तब कर्मचारियों में उम्मीद जगी थी कि अब सैलरी समय से मिलेगी। लेकिन गत अप्रैल की सैलरी में एक महीने से ज्यादा की देरी इस बार हुई।

### मिलती है एक तारीख को




यूनिवर्सिटी में इस समय 650 के करीब नियमित गैर शिक्षक कर्मचारी हैं। इनके अलावा 300 से अधिक शिक्षक भी हैं। इन सभी को हर महीने की एक तारीख को यूनिवर्सिटी वेतन रिलिज कर देती है। लेकिन एचकेआरएन कर्मियों को आज तक कभी भी एक तारीख को वेतन नहीं दिया गया। आमतौर पर हर महीने के दूसरे सप्ताह में सेलरी दी जाती है। निगम के तहत आने के बाद कर्मियों को सैलरी मिलने में इतनी देरी नहीं होती, जितनी ठेकेदार लेट करता था।

### नौकरी 3 महीने के लिए और बढ़ाई

बताया जा रहा है कि हरियाणा सरकार ने विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगमों आदि द्वारा आउटसोर्सिंग पॉलिसी के भाग-2हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के अंतर्गत नियोजित कर्मचारियों की अनुबंध अवधि को एकमुश्त आधार पर आगामी 30 जून तक बढ़ाने का फैसला किया है। इसके लिए रोजगार निगम द्वारा गत 25 मार्च को जारी शर्तें पूरी होनी चाहिए। इससे पहले भी सरकार ने गत 28 फरवरी को जारी निर्देशों के तहत स्वीकृत पदों के विरुद्ध नियोजित भाग-2 कर्मचारियों की अनुबंध अवधि को 1 जनवरी से 31 मार्च (तीन महीने) तक बढ़ाने का फैसला लिया था। अब फिर दूसरी बार नौकरी तीन महीने के लिए बढ़ाई गई। बताया जा रहा है कि नौकरी अवधि बढ़ाने के फेर मे भी अप्रैल की सैलरी में देरी हुई है।

### कर्मचारियों को नौकरी सुरक्षा का नहीं दिया दस्तावेज

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) में पोर्ट नहीं होने वाले पांच साल पुराने अस्थायी यानी कच्चे कर्मचारियों की नौकरी भी सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष तक सुरक्षित कर चुकी है। सरकार कच्चे कर्मचारियों के लिए विधेयक पास कर चुकी है, जिससे कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित हो गई है। सरकारी विभागों और बोर्ड-निगमों में आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-1 के तहत पांच साल से सेवारत सभी अनुबंधित कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। बावजूद इसके इन कर्मियों को आज तक सरकार ने ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं दिया है, जिसमें नौकरी की गारंटी हो। पिछले काफी मामले ऐसे भी सामने आए हैं कि जिन विभागों के मुखियाओं ने रेग्यूलर भर्ती होने के बाद एचकेआरएन कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया।

### अधिसूचना के लिए सुझावों का इंतजार

बताया जा रहा है कि सरकार ने कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षा से जुड़ी एसओपी तैयार कर ली गई है। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार ने कर्मचारी संगठनों/कर्मचारियों से सुझाव और आपत्तियां मांगी गई थीं। लेकिन फिलहाल तक सुझाव मिले नहीं हैं। कहा जा रहा है कि इसी वजह से सरकार को अधिसूचना जारी करने में देरी हो रही है।

## कार्यभार सम्भालने के बाद एक्टिव मोड में अधिकारी

# निगमायुक्त ने किया पार्कों का निरीक्षण, सफाई नहीं मिलने पर लगाई अधिकारियों को फटकार

- नालों की सफाई के कार्य का भी निरीक्षण किया
- पार्कों में मरम्मत और रख रखाव के लिए दिए आदेश

### जहां काम नहीं हुए, वहां के लिए लगाए जाएंगे टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम के नव नियुक्त आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा कार्यभार सम्भालने के बाद एक्टिव मोड़ में आ गए हैं। उन्होंने वीरवार को शहर के कई पार्कों का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ सफाई और देखरेख में कमी पाने पर अधिकारियों को फटकार लगाई गई। उन्होंने शहर के कई शौचायलों, नालों पर चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। दौरे के बाद आयुक्त ने कहा कि जहां काम करवाने की जरूरत है, उसके लिए टेंडर लगाकर कार्य करवाए जाएंगे। आमजन को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

नगर निगम द्वारा नालों की सफाई के लिए ई-निविदा के माध्यम से कार्यो को अलॉट कर कार्य आरंभ करवाए जा चुके हैं। आयुक्त ने नालों की सफाई के साथ-साथ ताऊ देवी लाल पार्क व मानसरोवर पार्क व शौचालयों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नालों की सफाई के कार्य की निरंतर निगरानी रखे तथा बरसात से पहले सभी नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। निगम आयुक्त आनंद शर्मा ने सुनारियां चौक से वैश्य कॉलेज तक, कच्चा बेरी रोड, डूंगी गोहरी व बोहर गांव के नालों की सफाई के कार्य निरीक्षण किया गया। इस दौरान जहां सफाई नहीं मिली, सम्बंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई गई।



रोहतक। नालों की सफाई के कार्य का निरीक्षण करते निगम आयुक्त आनंद शर्मा। फोटो: हरिभूमि



रोहतक। शहर के पार्कों में रखरखाव करने के निर्देश जारी करते हुए आयुक्त आनंद शर्मा। फोटो: हरिभूमि



### बरसात से पहले पूरा करवाएं सफाई कार्य

आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। नालों की सफाई के पश्चात वहां पर निकली गंदगी को भी साथ-साथ में उठवाने का कार्य किया ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### देवी लाल और मानसरोवर पार्क का निरीक्षण किया

ताऊ देवी लाल पार्क व मानसरोवर पार्क का निरीक्षण किया गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पार्कों में गढ़ंगी न हो तथा उनमें बने शौचालय की सफाई सुनिश्चित की जाए। ताकि यहां भ्रमण करने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जीटी बंद न होने दें

आयुक्त आनंद शर्मा ने आमजन से अपील की है कि घरों दुकानों संस्थानों आदि से निकलने वाला कूड़ा कर्कट जैसे पॉलिथीन, कपड़ा, गत्ता कागज आदि इधर-उधर न डालकर नगर निगम, रोहतक के घर-घर से कूड़ा लेने वाले वाहन में ही डालें। क्योकि आमजन द्वारा फेंका गया कचरा बरसाती नालों में जाने से नाले जीटी बंद हो जाते हैं। जिसके कारण उस क्षेत्र में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

### ये रहे मौजूद

आयुक्त के दौरे के दौरान उनके साथ नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सुरेन्द्र सिंह, नगर अभियंता सत्यव्रत, तरूण कुमार, शांत सुहाग, मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़, सहायक सफाई निरीक्षक सुमित फौगाट आदि मौजूद रहे।

### सीएम की सादगी, सबको बोले राम राम ...



## गांव भैणी महाराजपुर में अचानक रुके मुख्यमंत्री, लोगों का जाना हालचाल

**महम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को हिसार जाते समय अचानक गांव भैणी महाराजपुर में पहुंचे। इस प्रकार मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच पाकर ग्रामीण अत्यंत प्रसन्न नजर आए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से संवाद किया और कुशलक्षेम जाना। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीकों से स्वागत किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के सहज और आत्मीय व्यवहार की सराहना की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से लगभग 10 मिनट तक रुक कर सीधे संवाद किया और स्थानीय समस्याओं और जनकल्याण योजनाओं की भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से बातचीत कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। गांववासियों ने विशेष रूप से इस बात के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया कि राज्य में युवाओं को योग्यता के आधार पर पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां मिल रही हैं।




## रोहतक की साहित्यकार डॉ. रमाकांता को मिला 'भारत श्री सम्मान 2025'

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन एवं भव्य फाउंडेशन जयपुर की ओर से सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर के कालिंदी ऑडीटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में देश-विदेश व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय तथा उत्कृष्ट कार्यों में विशेष मुकाम हासिल करने वाले राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के 200 विद्वानों को 'भारत श्री सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में समाजसेवियों सहित प्रदेश तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने शिरकत की। इस समारोह में रोहतक (हरि.) की वरिष्ठ साहित्यकारा, लोकगायिका एवं अभिनेत्री डॉ रमा कांता को साहित्य ,(हिंदी-हरियाणवी) कला लोकसंस्कृति के प्रचार-प्रसार, संरक्षण, संवर्धन एवं अभिनय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'भारतश्री सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। डॉ रमा कांता अपने उत्कृष्ट साहित्य सृजन के लिए पहले भी अनेक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत हो चुकी हैं। रोहतक पहुंचने पर वरिष्ठ साहित्यकारों, डॉ मधुकांत, डॉ अंजना गर्ग, शामलाल कौशल तथा अन्य साहित्यिक मित्रों ने स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

**कार्रवाई** शहर में अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों की खैर नहीं

# मालगोदाम रोड पर गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों पर 4900 रुपये का जुर्माना लगाया

- अंबेडकर चौक, सोनीपत स्टैंड, अशोका चौक, डी-पार्क, पावर हाउस, दिल्ली बाईपास सहित कई स्थानों से अवैध बोर्ड, तख्त, तिरपाल, कुर्सियां, मेज, फलैक्स बोर्ड और पोस्टर हटवाकर जब्त किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक






शहर में अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीमों ने सख्त कार्रवाई की है। वीरवार सुबह से ही नगर निगम की टीमें प्रमुख मार्गों पर अस्थाई अतिक्रमण हटवाने में जुट गईं। अभियान के तहत अंबेडकर चौक, सोनीपत स्टैंड, अशोका चौक, डी-पार्क, पावर हाउस, दिल्ली बाईपास सहित कई स्थानों से अवैध बोर्ड, तख्त, तिरपाल, कुर्सियां, मेज, फलैक्स बोर्ड और पोस्टर हटवाकर जब्त किए गए।

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने बताया कि एन्फोर्समेंट टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन अतिक्रमण हटाया जाए और अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सामान जब्त करने के साथ-साथ जुर्माना भी वसूला जाए। इसके अतिरिक्त सफाई शाखा द्वारा मालगोदाम रोड पर गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 5 चालान जारी किए गए जिनसे 4900 का जुर्माना वसूला गया। आयुक्त डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि गोबर या गंदगी नालों में बहाने से सीवर जाम हो जाते हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति नाले में गोबर बहाता पाया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। नगर निगम द्वारा यह अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा।

## एफआईआर व कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले

# ताजा माजरा में दबंगई, हथियार दिखाकर ग्रामीणों को गांव खाली करने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। मांगों को लेकर एसपी से मिलने आए ग्राम पंचायत ताजा माजरा के ग्रामीण।

ग्राम पंचायत ताजा माजरा के ग्रामीण बृहस्पतिवार को झगड़े की एफआईआर व कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले। ग्रामीणों ने बताया कि 4 जून को गांव में झगड़ा हुआ था। ग्रामीणों का आरोप है कि सेवाराम व उसके बेटे आशीष, अंकित व अमन ने गांव में हथियार सहित बाहर से लोगों को बुलाया और गांव वालों को तीन दिनों के अंदर-अंदर गांव को खाली करने की धमकी दी। आरोपी पूरी दबंगई दिखा रहे हैं जिससे गांव के अधिकर निवासी परेशान हो चुके हैं। ग्राम पंचायत ताजा माजरा के ग्रामीणों ने कहा कि झगड़ा करने वालों के पास लाइसेंसी हथियार है, उन्हें जमा करवाया जाए और उनके लाइसेंस को कैंसिल किया जाए। साथ ही तेजवीर निवासी गद्दी खेड़ी ने कहा कि वह कुछ दिन पहले अपनी भैंस को लेकर जोहड़ पर जा रहा था, तो रास्ते में अमन अपना ट्रैक्टर तेज स्पीड से लेकर आया और एक दम मोड़ दिया। मैंने उसकों रोककर कहा कि आराम से चला भैंसों को चोट लग जाएगी। इस दौरान मुझे गाली देकर वहां से चला गया। दो दिन बाद दोबारा उसी रास्ते से आया और मेरी भैंसों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बोला जो होता है वो कर लेना। तेजवीर ने आरोप लगाया कि 4 जून को अपने घेर में पशुओं का दूध निकालने गया था, तो अमन, तूल, सेवाराम आदि फरसे, लाठिया, फरसा, तेजधार हथियार लेकर आए और हमारे पूरे परिवार पर हमला कर दिया।

### पुलिस ने जांच शुरू की

ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद एरिया की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी ने थाना प्रभारी से पूरी रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद आरोपी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा

हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

# अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस

## मुगल गार्डन श्रीनगर

**धरती का** स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही,



निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।

## बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

**कोलकाता के** बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

## रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।



## बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों



और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।

## बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर



फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

## हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरेस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड



लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *

# एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल और निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

**क्या है एस्टिवेशन:** गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर



देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी



प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।

**क्यों करते हैं एस्टिवेशन:** कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशन:** एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

## हमिंग बर्ड, ड्वार्फ लेमुर भी करते हैं एस्टिवेशन

**पक्षियों में** हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह ड्वार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। ड्वार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

बच्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *




**किताब :** बादल रोने लगा, **लेखक :** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य :** 260 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## जीके क्विज-156

1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-155 का उत्तर :** 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोवेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

**जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

# अप्पू और पेड़



अप्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।

अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चींटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चींटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चींटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उठ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता
राकेश चक्र




## कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तर: 1.डॉगी की पूंछ दिख रही है। 2.डॉगी की दोनों आंखें बंद हैं। 3.डॉगी की जीभ बाहर निकली हुई है। 4.टीना ने दो चोटियां बनाई हुई हैं। 5.टीना का मुंह बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' नहीं लिखा हुआ है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से उस सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A

## खबर संक्षेप

### आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन रहा सफल

**रोहतक।** आहार निद्रा और ब्रह्मचर्य यह तीनों शरीर को धारण करने वाले खम्बे हैं। सुंदर स्वास्थ्य के लिए इन तीनों पर ध्यान देना आवश्यक है। अपने शरीर की शक्ति को शरीर में सुरक्षित रख कर विद्या अध्ययन करना और ईश्वर की भक्ति करना ब्रह्मचर्य कहलाता है। ये विचार आर्य वीर दल के तत्वाधान आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन बौद्धिक प्रशिक्षण के दौरान डॉ. जगदेव सिंह ने व्यक्त किए।

### सांपला के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में रोपे पौधे

**रोहतक।** सांपला के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में वीरवार को जय भारत मंच एवं भारत विकास परिषद और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर जय भारत मंच प्रांत उपाध्यक्ष संदीप कंसारा ,खंड अध्यक्ष योगेश गांधरा, नेहरू युवा केंद्र संगठन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक और दादी पिलासन युवा शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमन, शुभम, भारत विकास परिषद अध्यक्ष सरवन बंसल, सचिव सुनील शर्मा, अंकित, अरविंद आदि रहे।

### कर्मचारी हुए वेतन से वंचित : सुमेर सिवाच

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन राज्य कार्यकारिणी की बैठक 7 जून को रोहतक कर्मचारी भवन सुखपुरा चौक पर होनी निश्चित हुई है। जिसमें रोडवेज कर्मचारी 22 मई को चंडीगढ़ में सांझा मोर्चे के प्रतिनिधि मंडल की बैठक महानिदेशक परिवहन के साथ हुई थी उसमें जिन मांगों पर सहमति बनी थी उनके आदेश अभी तक जारी नहीं हुए हैं। उसकी समीक्षा करेंगे और 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी के लिए योजना बनाई जाएगी।

### सामाजिक विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है: धर्मेंद्र सिंह

# समाजसेवी ने चार कमरों का करवाया जीर्णोद्धार, डीसी ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

भिवानी रोड स्थित महम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम में समाजसेवी विजय मित्तल ने चार कमरों का जीर्णोद्धार करवाया है। कमरों का उद्घाटन करने लिए वीरवार सुबह जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह पहुंचे। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज को सभ्य व विकसित बनाया जा सकता है। कहा कि सामाजिक विकास में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा ही व्यक्तियों को ज्ञान, कौशल और मूल्यों से लैस करके समाज को आगे बढ़ाने में मदद करती है। शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए समान अवसर प्रदान करती है, जिससे सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलता है। शिक्षा न केवल लोगों को सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के बारे में जागरूक करती है बल्कि वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्तियों को बेहतर नौकरियों और अवसरों के लिए तैयार करती है, जिससे आर्थिक विकास में योगदान मिलता है। उन्होंने कहा कि सेठ विजय मित्तल जैसे समाजसेवी ही बच्चों की फीस, किताबें और अन्य आवश्यक वस्तुओं का खर्च भी उठाते हैं, ताकि वे बिना किसी चिंता के स्कूल जा सकें।उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ की दुनिया में अपने निजी स्वार्थ के चलते ही लोग अपने परिवारों तक ही सीमित रह जाते हैं। लेकिन सच्चे समाजसेवी परिवार से अलग हटकर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं। उनका मकसद ही यही रहता है कि समाज में समानता सामान्य लाकर सामूहिक विकास किया जा सके। उन्होंने स्कूल के जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग देने पर सेठ विजय मित्तल की सराहना की।



महम। कस्बा महम के सरकारी स्कूल में कमरों का उद्घाटन करते जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व उनके साथ मौजूद समाजसेवी विजय मित्तल।



**महम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम में पौधारोपण करते जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### समाजसेवी सेठ विजय मित्तल के कार्य को सराहा

समाजसेवी सेठ विजय मित्तल की सराहना करते हुए उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अन्य समाजसेवियों को भी इस तरह के नेक कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत से ऐसे बच्चे हैं, जिनके अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षित करने में असमर्थ है। समाजसेवी संस्थाएं अथवा समाज सेवक ऐसे बच्चों की पहचान करके उन्हें शिक्षित करने का कार्य करें। समाज सेवी संस्थाएं ऐसे बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाने और उन्हें स्कूल भेजने में मदद कर सकती हैं।

## गंगा दशहरा पर पवित्र नदी में डुबकी लगाने से पाप होते हैं नष्ट : साध्वी मानेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में वीरवार को ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा का जन्मदिन गंगा दशहरा श्रद्धा व भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग, कीर्तन व प्रवचन का आयोजन हुआ।पंडित अशोक शर्मा ने पूजा अर्चना की। गद्दीनशीन व ज्योतिषाचार्य साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि ऐसी धार्मिक मान्यता हैं कि गंगा दशहरा के दिन ही मां गंगा इस पावन धरती पर आई थी। उन्होंने कहा कि इस दिन मां गंगा की गोद में जाकर या किसी पवित्र नदी में मात्र डुबकी लगाने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही गंगा दशहरा पर पूजा, जप, तप और दान करने से मृत्यु के बाद मोक्ष प्राप्त होता है ।



## सभी प्लास्टिक प्रयोग नहीं करने का संकल्प लें : डॉ. आशुतोष कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- हारट्रोन रोहतक द्वारा मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

प्लास्टिक कचरे ने पूरे विश्व को परेशानी में डाल दिया है। इस संकट से बचना है अत सभी को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लेना होगा तभी पर्यावरण संरक्षण हो सकता है। यह बात संस्थान निदेशक डॉ. आशुतोष कौशिक ने संबोधित करते हुए कही। 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर वीरवार को हारट्रोन स्किल सेंटर पॉवर हाऊस चौक द्वारा अध्यापकों को पौधे देकर सम्मानित किया। वहीं सभी स्टाफ सदस्यों को स्वच्छ और शुद्ध वातावरण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। संस्थान निदेशक डॉ.आशुतोष कौशिक ने कहा कि पहले दुनिया भर में सिर्फ़ दो मिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन होता था। अब दुनिया भर में 450 मिलियन टन से ज़्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। भारत में हर दिन लगभग 26 हजार टन प्लास्टिक कचरा निकलता है। यह प्रतिव्यक्ति के हिसाब से 13.6 किलोग्राम ज्यादा है। एक स्टडी के मुताबिक प्लास्टिक को मुलायम बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कैमिकल से अब तक लाखों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 2025 में विश्व पर्यावरण दिवस का थीम , 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' रखी गई है, लेकिन प्लास्टिक से मुक्ति दूर की कौड़ी साबित हो रही है।

## द मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति पर हुई शैक्षणिक कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। द मार्डन पब्लिक स्कूल में वीरवार को विशेष शैक्षणिक कार्यशाला के दौरान शिक्षाविद संजय सोनी ने नई शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। यह कार्यशाला स्कूल परिसर में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विद्यालय प्रधानाचार्य व शिक्षक गण ने विशेष रूप से सक्रिय रूप में भाग लिया इस सभा का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की अवधारणा लक्षण और उसके व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था।

संजय सोनी ने अपने व्याख्यान में इस बात पर बल दिया कि नई शिक्षा नीति केवल पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं है ,बल्कि शिक्षा की सोच में एक मूलभूत परिवर्तन है उन्होंने कहा यह नीति विद्यार्थियों को रचनात्मक तार्किक सोच और मूल्य आधारित शिक्षा की ले जाती है अब शिक्षा का उदेश्य अंक लाने तक सीमित नहीं बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बनेगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा कौशल विकास पाठ्यक्रम और मूल्यांकन आदि उद्धारित मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रोशनी डाली। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप शिक्षक केवल सूचना देने वाले नहीं बल्कि छात्रों के मार्गदर्शन और सहायता करता होंगे। प्रधानाचार्य राज यादव ने संजय सोनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कार्यशाला सभी के लिए अत्यंत लाभदायक रही। इस अवसर पर अध्यापकों ने सोनी से अनेक प्रश्न पूछे कार्यशाला के प्रति उत्साह पूर्ण सहभागिता भी दिखाई।



**रोहतक।** कार्यशाला में व्याख्यान देते विशेषज्ञ। *फोटो : हरिभूमि*

## बीएमयू ने बलियाणा में मनाया पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं नर्सिंग विभाग के डोमेन क्लब के संयुक्त तत्वाधान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांव बलियाणा में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और वृक्षारोपण की संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस समन्वयक डॉ. मंजीत कुमार ने किया। उन्होंने पर्यावरणीय असंतुलन के खतरों की चर्चा करते हुए सभी को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए जनसहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर गांव के नगर पार्षद प्रक्षित देसवाल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. कविता, वरिष्ठ स्वयंसेवक हर्ष सैनी, सृष्टि सहित अन्य मौजूद रहे।

#### पौधा लगाकर करें देखभालः कुलपति

कुलपति प्रो. डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि परंपरा और दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरणीय संकट से निपटा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग डोमेन क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर रचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। एनएसएस टीम, विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### पर्यावरण को संतुलित करना सभी का कर्तव्य

**रोहतक।** ग्रीन रोड स्थित जैन तेरापंथ भवन में साध्वी सुमन के सानिध्य में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा व अणुव्रत समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर साध्वी सुमन ने पानी, बिजली के कम खर्च व चमड़े का उपयोग न करने का संकल्प दिलवाया। मुख्य वक्ता गीता गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित करना हम सब का कर्तव्य है, हम छोटे-छोटे संकल्पों से पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि थैली का उपयोग न करना, कचरा सड़क पर न डालना अपने जीवन में एक त्रिवेणी लगाना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को संस्कार देने चाहिए कि वह इलेक्ट्रॉनिक्स उपक्रमों का कम से कम उपयोग में लाये। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा मुख्य वक्ता गीता गुप्ता को अंग वस्त्र व साहित्य देकर सम्मानित किया।

### जजपा की बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा

# हर हलके में पांच हजार नए सदस्य बनाएगी जेजेपी, 15 जून से चलेगा सदस्यता अभियान

- पूर्व सीएम ओपी चौटाला के बाद अब महात्मा ज्योतिबा फुले की भी तस्वीर पोस्टरों में लगाएगी जेजेपी : अजय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में हलका प्रभारियों और अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब जननायक जनता पार्टी हलका स्तर पर संगठन मजबूती पर फोकस करने में जुट गई है। पार्टी द्वारा 15 जून से 31 जुलाई तक प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जेजेपी ने सदस्यता अभियान के तहत हर हलके में पांच हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। यह ऐलान जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने किया। वे वीरवार को रोहतक स्थित जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर आयोजित जेजेपी जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, विभिन्न प्रकोष्ठों के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारियों व अध्यक्षों तथा हलका प्रभारियों व अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डॉ चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने 2029 के चुनावों के मद्देनजर अभी से अपने संगठन को प्रभावी और मजबूत बनाने की नींव रख दी है। अजय चौटाला ने एक बड़ी घोषणा करते हुए यह भी कहा कि जेजेपी ने अपने पोस्टरों में पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के सम्मान में उनकी तस्वीर लगाना शुरू कर दी है, इस बीच कुछ लोग जूता दिखाने की बेतुकी बातें करते रहे। उन्होंने कहा कि अब जेजेपी बीसी वर्ग के सम्मान में महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर भी लगाएगी। बैठक में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी हर सप्ताह प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय बैठकें करेगी और उसका पूरा रिकॉर्ड रोहतक प्रदेश कार्यालय में सौंपा जाएगा। बैठक के दौरान अनेक नेताओं ने कांग्रेस-भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों सहित जेजेपी ज्वाइन की। बैठक में जेजेपी ने सरकारी भर्तियां करने में सरकार की नाकामी के कारण युवाओं के साथ हो रहा खिलवाड़, एमएसपी में मामूली वृद्धि व भुगतान में देरी से किसान परेशान, बिगड़ती कानून व्यवस्था के विषय पर चिंता जताई और भाजपा सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र लितानी, डॉ केसी बांगड़, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा सहित काफी संख्या में मौजूद रहे।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ।



### शहर को प्लास्टिक सिटी नहीं बनने देंगेः मनीष ग्रोवर

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर बृहस्पतिवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सड़क पर उतरकर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम प्लास्टिक का अंधाधुंध इस्तेमाल कर रहे हैं, आने वाले समय में यह गंभीर रूप धारण करेगा। हमारी पीढ़ियां अनेक गंभीर बीमारियों की चपेट में होंगी। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सख्ती बरतने की जरूरत है। रोहतक को किसी भी सूरत में प्लास्टिक सिटी नहीं बनने दिया जाएगा।

### पृथ्वी को बचाने के लिए नागरिक लगाए अधिक से अधिक पौधे

रोहतक। जिला न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पौधारोपण किया गया। इसी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भी पौधारोपण किया। पर्यावरण को बचाने के लिए प्लांटेशन ड्राइव का शुभारंभ किया गया। प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि पृथ्वी को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए और ग्लोबल वार्मिंग को इसी के माध्यम से काम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रोहतक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय द्वारा पूरे रोहतक क्षेत्र में पौधे लगाए जाएंगे तथा प्लांटेशन ड्राइव को सफलतापूर्वक चलाया जाएगा। उन्होंने कोर्ट कर्मचारी, पैनल अधिवक्ता को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।



**रोहतक।** पौधारोपण करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन व प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान।

## न्यूज डायरी

### पर्यावरण सुरक्षित जीवन सुरक्षित : नीलम कटारिया

**रोहतक।** अर्पण संस्था में विश्व पर्यावरण दिवस पर एयू प्राइवेट बैंक के संयोजन से दिव्यांग बच्चों के साथ पौधारोपण किया। अर्पण स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया, सिरतार संस्थान प्रिंसिपल एडी पासवान, अर्पण स्टाफ से अंजू वर्मा, इंटर्न निशा, राधा, आशा, राकेश और दिव्यांग छात्रों ने संस्था में पौधारोपण किया और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। यही संदेश दिव्यांग बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से दिया। इंचार्ज नीलम कटारिया ने लोगों से अपील की कि वे अपने आस पास पेड़ - पौधे जरूर लगाएं व उनकी देखभाल करें।



**रोहतक।** अर्पण संस्था में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते पदाधिकारी व सदस्य।



**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी।

### एचडी पब्लिक स्कूल मनाया पर्यावरण दिवस

**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर द्वारा एक अनूठा और भावनात्मक पर्यावरणीय अभियान /"एक पेड़ मां के नाम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य है, प्रकृति की रक्षा के साथ-साथ मां के प्रति श्रद्धा और प्रेम को एक हरित श्रद्धांजलि के रूप में प्रकट करना रहा। इस दिन स्कूल परिवार के समस्त छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकगण ने अपने परिवार के साथ मिलकर एक-एक पेड़ लगाएं और उस पावन क्षण की तस्वीरें विद्यालय के साथ साझा की। यह पौधा मां को समर्पित होगा। एक ऐसा उपहार जो न केवल भावनात्मक रूप से मूल्यवान होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी वरदान साबित होगा। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र फोगाट, अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा बल्हारा फोगाट, एवं प्राचार्य दुलाल देब ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है और स्वयं भी विद्यालय परिसर में स्टाफ के साथ पौधे आरोपित कर, इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी शिक्षक है और मां उसका सबसे सुंदर रूप। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाएगी, बल्कि हमारे जीवन में मां की भूमिका को भी एक स्थायी श्रद्धांजलि देगी।



**रोहतक।** राजयोग भवन सेक्टर 3, ब्रह्माकुमारीज सेंटर में पौधरोपण करते हुए।

### वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधे लगाएं

**रोहतक।** राजयोग भवन सेक्टर 3, ब्रह्माकुमारीज सेंटर में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम पौधरोपण किया गया। सेंटर इंचार्ज बीके वंदना दीदी ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ पौधे लगाएं और उनकी संभाल की जाए। पूरे विश्व के पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ पौधों के साथ-साथ मन में सकारात्मक विचारों के बीज भी बोये जाएं, जिससे पूरे विश्व से नकारात्मकता एवं विकारों को खत्म किया जा सके। बीके सरदार भाई (एडवोकेट) ने कहा कि अब हम सब मिलकर इस वातावरण को अच्छा बनाएंगे। काम, क्रोध, लोभ, अहंकार से अपने मन को मुक्त करेंगे। इस अवसर पर हरवीर सिंह कुंडू (रिटायर ब्रिगेडियर), सुभाष विज (रिटायर सुपरिटेंडेंट इंजीनियर), महावीर सिंह रुहेला (रिटायर सहायक महाप्रबंधक बीएसएनल), सरिता ( प्रोफेसर) आदि मौजूद रहे।



**कलानौर।** संत बाबा ईश्वर शाह के सानिध्य में कई स्थानों पर किया पौधारोपण।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

**कलानौर।** कस्बे में विश्व पर्यावरण दिवस पर संत बाबा ईश्वर शाह के सानिध्य में कई पौधों का पौधारोपण किया गया। प्रकृति को समर्पित अर्चना कोचर की दो पुस्तकें 'मैं पेड़ हूँ और 'बालकनी से झाँकती प्रकृति' चर्चा का विषय रही। बाबा बाबा ईश्वर शाह ने अर्चना कोचर की पंक्तियों को महत्व देते हुए कुदरत नमः शिवाय का मंत्र है, भक्ति-शक्ति का तंत्र है। प्रकृति आधार है, इसी से जीवन सदाबहार है । निश्चित तौर पर विनाश के कगार पर खड़ी प्रकृति और कटते पेड़-पौधों में नवजीवन का संचार करने में यह पुस्तकें मील का पत्थर साबित होंगी। अर्चना कोचर द्वारा 'मैं पेड़ हूं, नूतन हूं, पुरातन हूं, अधुनातन,मैं ही सनातन हूंड्ड। अपनी पुस्तक 'मैं पेड़ हूं' के कुछ अंशों का काव्य पाठ किया गया। इस अवसर पवन गहलोत, भरत जून,निशांत भाटिया, कलानौर नगर निगम के पूर्व प्रधान सुनील कत्याल एवं कुटिया के कई भक्त भी मौजूद रहें।

### पॉलीथीन का प्रयोग नहीं करने की दी प्रेरणा

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में विश्व पर्यावरण मनाया गया। इस मौके पर पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 25 कैडेट्स ने भाग लिया। डॉ. पिंकी चौहान ने कहा कि पॉलीथीन का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे पर्यावरण को गंभीर क्षति होती है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल स्वच्छता की इच्छा रखने से कुछ नहीं होगा, बल्कि हमें छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे। घर में पॉलीथीन का कम उपयोग करें, गंदगी न फैलाएं और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि केवल पेड़ लगाने से ही जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती, उनकी देखभाल भी आवश्यक है। इस मौके पर एक पेड़ भी लगाया गया, जिससे यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की गई, जैसे जल संरक्षण, प्लास्टिक रिसाइकलिंग, जैविक खेती एवं नवीकरणीय ऊर्जा। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-संरक्षण के प्रयासों को बढ़ाएंगे और स्वच्छ, हरा-भरा भविष्य बनाने में योगदान देंगे।



**कलानौर।** पौधरोपण करते शिक्षक व एनसीसी कैडेट्स।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर किसानों से रूबरू हुए, अन्नदाता ने मांगा बकाया

- नौजवानों से आह्वान किया कि कृषि हरियाणा का मुख्य व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वीरवार को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के प्रांगण में किसानों से रूबरू हुए।

इस कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनिल दीक्षित समेत डॉ. जेपी. मिश्रा , डॉ. धीर सिंह, डॉ. एनएच. मोहन, निदेशक कृषि विस्तार शिक्षा निदेशालय, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय डॉ. बलवान सिंह मंडल,डॉ. मीना सिवाच, वरिष्ठ संयोजक, कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक की वरिष्ठ संयोजक डॉ. मीना सिवाच मौजूद रहीं। प्रोग्राम में डॉ. बलवान सिंह मंडल ने मंत्री व अन्य अतिथि का स्वागत किया। मंडल ने कहा कि आज जो कृषि विकसित संकल्प अभियान देश भर में चल रहा है,



उसमें विभिन्न वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों को नई तकनीक के बारे में जानकारी दे रहे हैं। राष्ट्रीय पशु अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. धीरज सिंह ने बताया कि कृषि अनुसंधान परिषद के 113 संस्थाओं व कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक टीम बनाकर गांव-गांव में सुबह निकलते हैं। और अब तक इस अभियान के तहत हरियाणा में 1.5 लाख किसानों को नई तकनीक व खरीफ फसलों में रखी जाने वाली सावधानियों से अवगत करवा चुके हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने सबसे पहले विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन व प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाए गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। मंत्री ने कहा कि हरियाणा का किसान बहुत मेहनती होता है वह देश के अनाज भंडारण में काफी योगदान करता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसान की आमदनी बढाना है। पहले जमाने में पढ़े-लिखे लोग भी खेती का कार्य रुचि से करते थे लेकिन आज का युवक खेती करने से घबराता है। उन्होंने नौजवानों से आह्वान किया कि कृषि हरियाणा का मुख्य व्यवसाय है। इसको छोड़कर हमारा काम नहीं चलने वाला। मंत्री ने कम पानी वाली धान की सीधी बिजाईं के लिए लोगों से आग्रह किया ताकि 30% तक पानी की बचत हो सके।

### किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर से मिलकर किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया है कि धान को जलभराव के नुकसान के मुआवजे के रूप में फसल बीमा कंपनी देना शुरू किया जाए। ये पहले दिया जाता था। आगजनी से फसलों के हुए नुकसान को मुआवजे में फसल बीमा कंपनी शामिल किया जाए। साल 2024 में ओलावृष्टि से बर्बाद हुई खरीफ की फसलों का मुआवजा दिलवाया जाए। बीमित किसानों का मुआवजा एक मुश्त किसानों के खातों में डाला जाए। 2022 में जलभराव से बर्बाद हुई खरीफ फसल का बकाया मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया, ये शिकायत मंत्री को किसानों ने की। खेतों की बिजली शाम को 5 से 7 बजे तक 2 घंटे अलग मिले, सूखा राहत के 2000 रुपये एकड़ मुआवजे के तौर पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को लागू करने की मांग ज्ञापन में की गई है। किसान सभा जिला अध्यक्ष कामरेड प्रीत,अशोक राठी,खेमचंद,ओमप्रकाश कादियान मंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



रोहतक। पौधरोपण करते जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ।

### प्रत्येक शुभ अवसर पर लगाएं पौधे :दिमाना

**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने जींद बाईपास स्थित बड़े चौक पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हमें आने वाले पीढ़ियों को साफ-सुथरा पर्यावरण देने के लिए अपने जीवन के हर मौके पर पौधे जरूर से जरूर लगाने चाहिए। एनएचएआई से सीनियर हॉर्टिकल्चर एक्सपर्ट सुरेश मलिक, इंजीनियर आशीष रंजन, इंजीनियर इंद्रजीत डबास, देवेंद्र बालंद, अशोक कुंडू ने पौधरोपण किया।

### आज होगी योगासन खेल प्रतियोगिता

**रोहतक।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय जिला खेल कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा 6 जून को जिला के पांचों ब्लॉकों में योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 6 जून को सुबह 8 बजे सर छोटूराम स्टेडियम, रोहतक, लाखनमाजरा स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, सांपला स्थित राजीव गांधी खेल परिसर, कलानौर स्थित आईटीआई व महम के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योगासन खेल प्रतियोगिता होगी।

# सुनारियां कलां में पांच अवैध निर्माणों को किया गया ध्वस्त

**अवैध कॉलोनियों में जमा पूंजी न लगाएं आमजन**

अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सैकड़ों अवैध कॉलोनियों के निर्माणों को अब तक तोड़ा जा चुका है। वहीं सुनारियां कलां में भी बन रही अवैध कॉलोनी में बनें निर्माणों को ढहाया गया है।

अभियान के तहत सुनारिया कलां में विकसित की जा रही 4 अवैध कॉलोनी में 10 नींव, 5 चारदीवारी, कच्चा व पक्का रोड़ नेटवर्क, सीवरेज लाइन तथा पानी की लाइन तथा 5 अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा अवैध कालोनी व निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी व निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है।

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

≫ डीसी की आमजन से अपील

### महम की अवैध कॉलोनियों में न खरीदें प्लॉट निर्माण किया तो बुलडोजर चलेगा: धर्मेंद्र सिंह

**महम।** जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने वीरवार को महम में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि महम में जो अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं, उनमें लोग प्लॉट न खरीदें। अवैध रूप से जो लोग प्लॉटिंग कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह से नियमों का ताक पर रखकर बनाई जा रही कॉलोनियों में लोगों का पैसा डूब जाता है। भोले भाले लोग ऐसे लोगों के झांसे में आ जाते हैं। कई बार तो वे मकान भी बना लेते हैं। उसके बाद टाउन प्लानिंग विभाग उन मकानों को गिराने के लिए पहुंचता है। तो लोग अपने गाढ़े खून पसीने की कमाई को वैध कॉलोनियों में ही मकान व प्लॉट खरीदें। उन्हें पता चला है कि महम में अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही हैं। जल्द ही इस बात की जांच पड़ताल करके, ऐसी साइट्स पर बुलडोजर भेजे जाएंगे। क्योंकि किसी भी शहर को विकसित करने के लिए एक योजना तैयार की जाती है। इस योजना के तहत ही शहर और आस पास के इलाके को सेक्टरों में विभाजित किया जाता है। प्लानिंग के तहत जहां पर जिस काम के लिए जमीन को चिन्हित किया जाता है, वहां पर उसी हिसाब से जमीन का उपयोग किया जाता है। इसलिए लोग जांच पड़ताल के बाद केवल वैध इलाकों में रिहायशी जमीन खरीदें। क्योंकि वैध कॉलोनियों में सरकार, प्रशासन व नगर पालिका द्वारा जरूरी मूलभूत सुविधाएं लोगों को मुहैया करवाई जाती हैं।

# जैन भागवती दीक्षा समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



रोहतक। शोभायात्रा में दीक्षार्थी साध्वी लब्धि। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्रीएसएस जैन सभाके नेतृत्व में एक भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में जैन भागवती दीक्षा समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह तिलक रस्म के साथ हुआ, जिसके उपरांत जैन स्थानक से भव्य शोभायात्रा कलश के साथ निकाली गई।

यह शोभायात्रा जनता कॉलोनी के प्रमुख मार्गों से होते हुए बैंड-बाजों, डोल-नगाड़ों तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता के साथ 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इसके पश्चात, वैराग्य लब्धि की विधि द्वारा दीक्षार्थी ने सांसारिक मोह-माया का त्याग करते हुए संयम और साधना के पथ को चुना। मुण्डन संस्कार सम्पन्न होने के बाद दीक्षा मंत्र प्रदान किया गया। दीक्षार्थी को नया आध्यात्मिक नाम साध्वी लब्धि महाराज प्रदान किया गया।

### कई राज्यों से पहुंचे लोग

इस भव्य अवसर पर हरियाणा के विभिन्न जिलों सहित राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और साध्वी लब्धि के दर्शन कर अपने जीवन को पुण्यवान माना। सभा अध्यक्ष श्याम लाल जैन एवं महामंत्री नरेश जैन ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम को सकल जैन समाज के सहयोग से बहुत ही अनुशासित, गरिमामय और भावनात्मक रूप से सम्पन्न किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से संजय जैन, जगदीश , भोला पंसारी, अजय जैन, अशोक जैन, रिशिपाल जैन, नरेश जैन सहित अनेक गणमान्य जनों का सहयोग उल्लेखनीय रहा, जिनके सक्रिय योगदान से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### पीजीआई के आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, इनेलो ने दिया समर्थन



रोहतक। अनुबंध कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के नेतागण।

**रोहतक।** पीजीआई के आउटसोर्स कर्मचारी लगातार पीजीआई प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने पीजीआई में अपनी मांगों को लेकर पिछले चार दिनों से अनिश्चितकाल हड़ताल पर बैठे अनुबंध कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार को चेताया कि अगर जल्द पीजीआई प्रबंधन ने मांगों को पूरा नहीं किया तो कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने पर मजबूर होंगे। इनेलो के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक बलवंत मायना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पीजीआई स्थित विजय पार्क में पहुंचा और हड़ताल पर बैठे कर्मियों को समर्थन दिया। जिला प्रधान डॉ. नफे सिंह लाहली ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग पूरी तरह से परेशान है। इस अवसर पर वेद भराण, जयसिंह शिमली, डीके हुड्डा, रामभगत लाकडा, सतीश सहरावत, बबलू नरवाल, दिलावर मेहरा, शीला खरैटी, बल्लू खेडी साध, सुशीला राणा, सुनीता नांदल, कृष्णा दलाल, कुंती देवी, विरेन्द्र नांदल मौजूद रहे।

# पोर्टल से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी: प्रदीप कौशिक



रोहतक। सीएम विंडो, जन-संवाद और एसएमजीटी पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा कर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक।

**रोहतक।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने कहा कि सीएम विंडो, जन-संवाद, एसएमजीटी पोर्टल व सीपीग्राम पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता से निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन शिकायतों के समाधान की ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एटीआर जरूर अपलोड करें। वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सीएम विंडो, जन-संवाद और एसएमजीटी पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा कर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन पोर्टलों की समीक्षा करते हैं, ऐसे में शिकायतों के निपटान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रदीप कौशिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी पोर्टल से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लें । प्रदीप कौशिक ने कहा कि लंबित शिकायतों पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### होटल प्रबंधन संस्थान रोहतक में दाखिले के आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून

**रोहतक।** विद्यार्थी 12वीं कक्षा उपरांत आतिथ्य और पर्यटन के क्षेत्र से जुड़कर करियर के नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। इसी क्रम में पर्यटन विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा स्थानीय तिलियार झील पर स्थित होटल प्रबंधन संस्थान इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून 2025 है। संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे ने बताया कि आईएचएम में सत्र 2025 में 12वी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा 3 वर्षीय बीएससी होटल मैनेजमेंट तथा डेढ वर्षीय फूड एंड बेवरेज सर्विस, फूड प्रोडक्शन, बेकरी डिप्लोमा में दाखिले जारी है। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि जो होटल एयरलाइन, फास्ट फूड चेन, रिटेल आउटलेट, रेलवे, पर्यटन बोर्ड और स्वरोजगार की राह बनाने को अवसर प्रदान करता है।



# राजेश जैन ने चलाया 'दाना-पानी अभियान'

रोहतक। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन के नेतृत्व में पर्यावरण और पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से सराहनीय सामाजिक पहल की जा रही है। गर्मी के इस मौसम में, जब तापमान तेजी से बढ़ रहा है और पक्षियों के लिए जल का अभाव एक गंभीर समस्या बन जाता है, ऐसे समय में 'दाना-पानी अभियान' समाज को एक सशक्त मानवीय संदेश दे रहा है।

इसी अभियान के अंतर्गत वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भगवान महावीर पार्क स्थित भगवान महावीर लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्रों को 155 सकोरे वितरित किए गए। छात्रों से आग्रह किया गया कि वे इस भीषण गर्मी में अपने घरों की छतों पर इन सकोरों में दाना और विशेष रूप से स्वच्छ पानी अवश्य रखें। अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों, बाग-बगिचों और पार्कों में पक्षियों के लिए मिट्टी के परंपरागत जल पात्र (सकोरे) वितरित किए जा रहे हैं। संस्था द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे इन सकोरों को अपने घरों की छतों, बालकनियों, आंगनों या खिड़कियों में रखें।




**ये रहे मौजूद:** मौके पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, रामदिया, कनिका, दिलबाग, सेवाराम, अंजलि, स्मृति, गौरव, दिनेश, मनोज, संदीप, तक्दीर, हर्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने सुनीं लोगों की फरियाद

**रोहतक।** पहल समाधान शिविर लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में कहीं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने शिविर में अधिकारियों व आमजन से अपने आसपास खाली पड़े भू क्षेत्र में पौधारोपण करें और देखरेख की जिम्मेदारी भी लें।

### अनाथ के लिए पेंशन की मांग

शिविर में चिड़ी के सुरेंद्र ने अतिरिक्त उपायुक्त को अवगत करवाया कि उनके गांव में रमन पुत्र अशोक है, जो अनाथ है। प्रशासन ने रमन की मदद करनी चाहिए। सुरेंद्र ने एडीसी को बताया कि कुछ समय पहले लाखनमाजरा के शीतला पब्लिक स्कूल में आपने ही दाखिला करवाया था। सुरेंद्र की मांग है कि समाज कल्याण विभाग से पेंशन की व्यवस्था हो जाए। शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, जिला सैनिक बोर्ड की सचिव विंग कमांडर गोरिका सुहाग सहित भाजपा प्रतिनिधि सतीश चौधरी व एडवोकेट अंकुश मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# अनिल हत्याकांड: भाऊ गैंग का शूटर दीपक मुठभेड़ के बाद पकड़ा, रोहतक लाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव रिटोली में एक जून को हुई सनसनीखेज गैंगवार में अंकित उर्फ बाबा गैंग से जुड़े अनिल की हत्या के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली पुलिस ने भाऊ गैंग के एक शूटर दीपक को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दीपक फिलहाल दिल्ली पुलिस की हिरासत में है। इसके बाद आरोपी को रोहतक लाने के लिए स्थानीय पुलिस तैयारी कर रही है। इस गिरफ्तारी से अनिल हत्याकांड के कई अहम राज खुलने की उम्मीद है।

अनिल की हत्या के बाद से पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में थी। इसी क्रम में दिल्ली पुलिस को सूचना मिली कि भाऊ गैंग का एक शूटर दिल्ली में छिपा हुआ है। दिल्ली पुलिस ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया।

दीपक गांव मदीना का निवासी है और भाऊ गैंग के लिए काम करता है। यह गिरफ्तारी इस मामले में एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है, क्योंकि यह सीधे तौर पर हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़ी है। दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी दीपक ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। सूत्रों के अनुसार, दीपक ने बताया है कि अमेरिका में बैठे हिमांशु भाऊ ने ही अनिल की हत्या की साजिश रची थी। इस वारदात को अंजाम देने के लिए भाऊ गैंग की तरफ से दो टीमें बनाई गई थीं। एक टीम में 3 शूटर थे, जबकि दूसरी टीम में 2 शूटर शामिल थे। कुल 5 शूटर्स को अनिल की हत्या के लिए लगाया था। दीपक ने खुलासा किया कि जैसे मौका मिला, अनिल को मौत के घाट उतार दिया।

≫ गांव रिटोली में गैंगवार के चलते हुई थी हत्या

बता दें कि 1 जून, रविवार की सुबह गांव रिटोली में गैंगवार के चलते एक युवक अनिल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक अनिल का संबंध अंकित उर्फ बाबा गैंग से बताया जा रहा था। यह भी सामने आया है कि मृतक अनिल रिश्ते में अंकित उर्फ बाबा का चाचा लगता था। इस हत्या के पीछे एक पुरानी रंजिश बताई जा रही है। दरअसल, 2022 में हिमांशु भाऊ के चचेरे भाई की हत्या में अनिल का नाम शामिल था। अनिल कुछ दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था, जिसके बाद यह वारदात हुई। माना जा रहा है कि यह हत्या उसी पुरानी रंजिश का नतीजा है।

### वारदात में शामिल बाकी साथी दिल्ली में ही कहीं छिपे हैं

दीपक ने बताया कि वारदात में शामिल उसके बाकी साथी भी दिल्ली में ही कहीं छिपे हैं। रोहतक पुलिस अब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के लगातार संपर्क में है, ताकि आरोपी दीपक को प्रोडक्शन वारंट पर रोहतक लाया जा सके। रोहतक पुलिस दीपक से अनिल हत्याकांड के बारे में और गहन पूछताछ करेगी, जिससे बाकी आरोपियों की पहचान हो सके। यह जांच दिल्ली-हरियाणा पुलिस के संयुक्त प्रयासों से आगे बढ़ेगी। गांव रिटोली में हुई गैंगवार के बाद प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। गांव में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। दो पीसीआर वैन लगातार गांव में गश्त कर रही हैं। गांव के बाहर स्थाई नाका भी लगाया गया है। पुलिस कमांडो की बसें भी लगातार गांव में गश्त कर रही हैं, जिससे अपराधियों पर दबाव बना रहे। गांव में आने-जाने वाले सभी लोगों की गहनता से जांच की जा रही है।

# शिक्षक समाज निर्माण के शिल्पकार भी

**रोहतक।** शिक्षक केवल शिक्षा प्रणाली के संचालक नहीं, बल्कि समाज निर्माण के शिल्पकार होते हैं। वे विद्यार्थियों को ज्ञान से संपन्न करने के साथ उन्हें संवेदनशील, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में गढ़ते हैं, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक स्वयं निरंतर अध्ययनरत रहें, समाज से जुड़ी समस्याओं के प्रति सजग रहें, शिक्षण को शोध और सामाजिक अनुभवों से जोड़ें और विद्यार्थियों में जिज्ञासा, सहानुभूति और कर्तव्यबोध जैसे मूल्यों का संचार करें। ये बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान ने फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर (एफडीसी) के साथ संचालित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों का समाजोपयोगी समस्याओं के समाधान में एकीकरण विषय पर आधारित रिफ्रेशर कोर्स के उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने एमडीयू की शैक्षणिक संरचना की चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार पाठ्यक्रमीय गतिविधियों को सह-पाठ्यक्रम और अतिरिक्त-पाठ्यक्रमीय क्रियाओं के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है। प्रो. मुनीष गर्ग, निदेशक (एफडीसी-एमएमटीटीसी) ने बताया कि यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत आयोजित इस पाठ्यक्रम में देशभर के 11 राज्यों से 58 प्रतिभागीयो को ऑनलाइन 42 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ शिक्षकों को सामाजिक चुनौतियों, शिक्षण और अनुसंधान के एकीकरण तथा समाज से जुड़ाव के नए दृष्टिकोणों से अवगत कराएंगे।




### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी की चर्चा

रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि उस ज्ञान का कोई मूल्य नहीं जो समाज के हित में न हो। उन्होंने मानव जीवन के मूल स्वरूप की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि मनुष्य मूलतः एक सामाजिक प्राणी है और शिक्षकों का कर्तव्य केवल ज्ञानार्जन या प्रसारण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उस ज्ञान को समाज की भलाई में रूपांतरित करना ही शिक्षण का सच्चा उद्देश्य है। मुख्य वक्ता प्रो. आरसी कुहाड़ ने शिक्षा को रोजगार नहीं, समाज को दिशा देने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि भारत की वैदिक ज्ञान परंपरा जीवन, समाज और मानव कल्याण की गहरी समझ पर आधारित रही है, जिसे आज के संदर्भ में फिर से अपनाने की आवश्यकता है। प्रो. कुहाड़ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चर्चा करते हुए कहा कि यह नीति केवल पाठ्यक्रम की पुनर्रचना नहीं, बल्कि शिक्षण को अनुभव आधारित, शोध प्रेरित और समाज-संलग्न बनाने का संकल्प है। केवल शोध नहीं, बदलाव का माध्यम बनता है। एफडीसी की उप-निदेशक एवं एमएमटीटीसी परियोजना समन्वयक, डॉ. माधुरी हुड्डा ने प्रो. राजबीर सिंह, कुलपति, एमडीयू का आभार व्यक्त किया।